मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 24/09/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --535/2025
24 सितंबर 2025
झारखंड मंत्रालय, रांची
=========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से बॉलीवुड गायिका श्रीमती शिल्पा राव ने मुलाकात की।
=========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड (जमशेदपुर) की बेटी एवं बॉलीवुड गायिका श्रीमती शिल्पा राव ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्वगायिका का पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर श्रीमती शिल्पा राव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई मौकों पर हमारी बेटियों ने राष्ट्रीय फलक पर राज्य का नाम रोशन किया है। आपकी यह सफलता झारखंड की युवा पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने श्रीमती शिल्पा राव से कहा कि आपको मिला यह सम्मान राज्य का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री ने बॉलीवुड सिंगर श्रीमती शिल्पा राव को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

मौके परम बॉलीवुड सिंगर श्रीमती शिल्पा राव ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने गायिकी जीवन की शुरूआत से लेकर बॉलीवुड सिंगर के रूप में नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित होने की यात्रा के अनुभव साझा किए।

==========================

#Team PRD(CMO)